दिन– गुरूवार दिनांक– 11 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नीति आयोग की ग्यारहवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उपराज्यपाल भाग ले रहे हैं। बैठक में देश भर में उद्यमिता और कौशल विकास को बढावा देने तथा रोजगार के स्थायी अवसर सृजित करने के उपायों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। चर्चा में शासन, डिजिटल सार्वजनिक ढांचे और साझेदारी सहित प्रमुख मुद्दों के समुचित कार्यान्वयन की रूपरेखा तैयार करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस वर्ष की बैठक का विषय, दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लिए समावेशी मानव विकास है।

———————————————————

विधान परिषद की नौ सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव और एक सीट के उपचुनाव के लिए निर्वाचित उम्मीदवारों के नाम की आज घोषणा किये जाने की सम्भावना है। इन चुनावों के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन है। किसी भी उम्मीदवार के नाम वापस नहीं लिये जाने की स्थिति में विजयी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जायेगी। दस सीटों पर दस उम्मीदवार होने के कारण सभी उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। भाजपा ने इस चुनाव के लिए पवन सिंह, संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित को उम्मीदवार बनाया है। वही, जदयू ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। इधर, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास ने पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। महागठबंधन की ओर से एक सीट पर राजद के सुनील कुमार सिंह एक मात्र उम्मीदवार हैं।

———————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के निपटारे के लिए आज से सभी अंचलों में विशेष अभियान की शुरूआत की है। सत्रह

जून तक चलने वाले इस अभियान के दौरान छियालीस लाख आवेदनों के निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में प्री–मानसून बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना, बक्सर, सीवान, सारण, बेगूसराय, सुपौल और मधेपुरा समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। पश्चिमी चंपारण और कटिहार जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट के शैक्षणिक सत्र – दो हजार छब्बीस–अट्ठाईस में नामांकन के लिए तीसरी चयन सूची जारी कर दी है। पहली और दूसरी सूची के बाद बची सीटों के आधार पर तैयार इस सूची में शामिल छात्र चौदह जून तक संबंधित विद्यालयों में नामांकन ले सकेंगे।

————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने हाजीपुर नगर परिषद के लेखापाल मनीष कुमार के दो ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके हाजीपुर के बागमली स्थित आवास और नगर परिषद कार्यालय परिसर स्थित सरकारी आवास पर छापेमारी की गयी। आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई की गयी है। छापेमारी के दौरान लाखों रुपये मूल्य के आभूषण, आलीशान घर, संपत्ति के कागजात और वाहन बरामद किये गए।

————————————————————

बक्सर जिले के डुमरांव और राजपुर प्रखंड में विशेष धावादल ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया।

————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा पुलिस जिला से फेसबुक पर हथियार संग फोटो वायरल करने के मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुयी है। इनके पास से एक देशी पिस्तौल भी बरामद किया गया है।

————————————————————————————

रोहतास जिले के डेहरी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में दौड़ के दौरान पांच प्रशिक्षु जवान भीषण गर्मी के चलते बेहोश हो गए। इनमें से एक प्रशिक्षु सिपाही श्रीराम कुमार की पटना एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।